Mail/WhatsApp

प्रेषक

नोडल प्रधानाचार्य,
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
झाँसी।

सेवा में

दिगम्बर जैन एजूकेशन वेलफेयर सोसाइटी
167, तालाब पुरा, ललितपुर।

पत्रांक– प्रशि0 / पीपीपी0 आई0टी0आई0 बबीना / 2024 / 1393 दिनाँक 14. 08.2024

विषय– **रा0औ0प्र0संस्थान,बबीना में प्रवेश सत्र 2024 के अन्तर्गत पीपीपी माडल से आच्छादित संस्थान में चयन / प्रवेश के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक परिषद के कार्यालय पत्र संख्या–1419 / 01 / एस0सी0वी0टी0 / ई0टी0–004 / प्रवेश पकिया–2024–25 / प्रवेश क्षमता / 2024 दिनॉक–13 अगस्त 2024 (प्रति संलग्न) के द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रथम चरण परिणाम जारी किया जा चुका है व संस्थानों मे प्रवेश की कार्यवाही गतिमान है। कतिपय पीपीपी माडल से आच्छादित संस्थानों के प्रधानाचार्य / वेण्डर द्वारा परिषद कार्यालय को दूरभाष पर अवगत कराया जा रहा है कि संबंधित संस्थानों हेतु एस0सी0वी0टी0 द्वारा जनित एवं प्रेषित संस्थान की लॉगिन आई0डी0 व पासवर्ड अब तक प्राप्त नही हुआ है तथा प्रथम चरण परिणाम की चयन सूची एस0सी0वी0टी0 पोर्टल पर दृष्टव्य नही हो रही है इस संबंध में पीपीपी माडल से आच्छादित संस्थानों के प्रधानाचार्य / वेण्डरों द्वारा निम्न कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है–

1–पीपीपी माडल से आच्छादित नवसृजित समस्त राजकीय संस्थान एवं वेण्डर द्वारा संचालित संस्थानों हेतु अलग–अलग लॉगिन आई0डी0 पासवर्ड पूर्व से ही संबंधित मण्डलीय संयुक्त निदेशक (प्रशि0 / शिक्षु) उ0प्र0 को एस0सी0वी0टी0 स्तर से आवश्यक कार्यवाही हेतु इस आशय से उपलब्ध कराये जा चुके है कि समस्त सबंधित को आप अपने स्तर से प्रवेश / परीक्षा संबंधी कार्यवाहियों हेतु स–समय उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करे।

2–पीपीपी माडल से आच्छादित नवसृजित समस्त राजकीय संस्थान एवं वेण्डर द्वारा संचालित संस्थानों हेतु एस0सी0वी0टी0 पोर्टल पर अपना प्रोफाईल का विवरण नही भरा गया है, जिसके कारण चयन सूचियां दृष्टव्य नही हो पा रही है।

उक्त निर्देशों के कम में आप तत्काल संयुक्त निदेशक (प्रशि0 / शिक्षु)) झॉसी मण्डल, झॉसी से सम्पर्क स्थापित करते हुए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बबीना से संबंधित लॉगिन आई0डी0 पासवर्ड प्राप्त कर एस0सी0वी0टी0 पोर्टल पर प्रोफाईल भरे जाने की कार्यवाही पूर्ण कर लें। जिससे आपके संस्थान को प्रथम चरण में ऑवटित प्रवेश सूची पोर्टल पर दृष्टव्य हो जायेगी।

साथ ही आपको यह भी अवगत कराना है कि प्रथम चरण में प्रवेशित अभ्यर्थियों के प्रवेश किये जाने की अन्तिम तिथि परिषद कार्यालय, द्वारा दिनॉक–16.08.2024 तक निर्धारित की गयी है।

अतः आप परिषद द्वारा जारी निर्देशों के कम में कार्यवाही पूर्ण करते हुए रा0औ0प्र0सं0बबीना संस्थान को प्रथम चरणन में ऑवटित प्रवेश की कार्यवाही दिनॉक– 16.08.2024 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करे।

भवदीय

(एस0के0श्रीवास्तव)
प्रधानाचार्य
रा0औ0प्र0सं0झॉसी।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित ।

1– निदेशक,प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0 लखनऊ।
2– संयुक्त निदेशक,राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद उ0प्र0 लखनऊ।
3– संयुक्त निदेशक (प्रशि0 / शिक्षु) झॉसी मण्डल, झॉसी ।

14/08/2024

प्रधानाचार्य
~~रा0औ0प्र0सं0झॉसी~~
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
झाँसी।